RNI NO. : MAHHIN/2019/77511 | मुंबई : सोमवार, 05 दिसंबर 2022 | वर्ष 04 | अंक 197 | संपादक : फैसल शेख | पृष्ठ : 4 | कीमत : 03 रुपये

दैनिक
# रोकठोक लेखनी
खबरें बे-रोकटोक

Read E Newspaper at Paper Boy App, Magzter App, Jio News App, Paytm App, Dailyhunt App

## खुद गाड़ी चलाते हुए उपमुख्यमंत्री फडणवीस CM शिंदे के साथ कर रहे समृद्धि हाईवे का निरीक्षण



**मुंबई :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दौरे के मद्देनजर मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस आज समृद्धि हाईवे का निरीक्षण कर रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 11 दिसंबर को समृद्धि हाईवे का उद्घाटन करेंगे। हालांकि, उससे पहले आज मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस नागपुर से शिर्डी के लिए एक साथ यात्रा कर रहे हैं और समृद्धि हाईवे का ट्रायल रन ले रहे हैं। इस बार उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस खुद वाहन चला रहे हैं और उसका निरीक्षण कर रहे हैं।

# मुंबई के लोगों को लगेगा झटका...!



**BEST ने भेजा बिजली दर में वृद्धि का प्रस्ताव...!**


**मुंबई :** बढ़ती महंगाई के बीच अब मुंबईकरों को बिजली का जोरदार झटका देने जा रहा है। बेस्ट प्रशासन ने बिजली की दर में वृद्धि का प्रस्ताव टएफ्ठ के पास भेजा है। एमईआरसी बेस्ट के प्रस्ताव पर मुहर लगाता है तो मुंबईकरों के बिजली बिल की अधिक कीमत चुकानी पड़ सकती हैं। बेस्ट प्रशासन अपने प्रस्ताव को जल्द स्वीकार करने की मांग रखी है। दिसंबर अंत तक प्रस्ताव को मंजूरी मिलने की संभावना है। मुंबई में बेस्ट के 10 लाख 80 हजार उपभोक्ता हैं। बेस्ट का प्रस्ताव स्वीकार होता है तो 1 अप्रैल से बिजली के बिल बढ़ जाएंगे। बेस्ट महाप्रबंधक लोकेश चंद्र ने बताया कि बेस्ट उपक्रम मुंबई में परिवहन सेवा के साथ बिजली की आपूर्ति भी करता है। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में बेस्ट की बिजली की दरों में वृद्धि नहीं हुई है। इसलिए इस बार बिजली दर बढ़ाने का निर्णय लिया है। बिजली दर बढ़ाने का प्रस्ताव महाराष्ट्र इलेक्ट्रिसिटी रेगुलेटरी कमीशन के पास भेजा गया है। एमईआरसी की मंजूरी के बाद बिजली बिल बढ़ाने का निर्णय लिया जाएगा। लोकेश चंद्र ने कहा कि बिजली दर में कितनी वृद्धि होगी इस बारे में अभी कुछ नहीं कहा जा सकता है। बिजली वृद्धि का निर्णय नियामक आयोग के निर्णय पर ही तय होगा।

**मुंबई में लगेंगे स्मार्ट मीटर**

बेस्ट महाप्रबंधक लोकेश चंद्रा ने बताया कि बेस्ट उपक्रम मुंबई में बड़े पैमाने पर बिजली के केबल बदलने का काम चल रहा है। केबल बदलने का काम अगले ढाई साल में पूरा कर लिया जाएगा। पुराने मीटर को बदल कर स्मार्ट मीटर लगाया जाएगा।

## मुंबई एयरपोर्ट पर डीआरआई की बड़ी कार्रवाई...!

# 18 करोड़ के 1794 ग्राम ड्रग्स जब्त...!




**मुंबई :** पिछले कुछ समय से मुंबई एयरपोर्ट पर जांच एजेंसियां अक्सर ड्रग्स जब्ती आ रही हैं। एयरपोर्ट पर डायरेक्टरेट ऑफ रेवेन्यू इंटेलिजेंस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 2 विदेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया हैं। इन दोनों विदेशी नागरिकों के पास से 18 करोड़ का ड्रग्स बरामद किया गया। डीआरआई ने दोनों विदेशी नागरिकों के पास से 1794 ग्राम कोकीन ड्रग्स जब्त किया हैं। मिली जानकारी के मुताबिक गुप्त खबर के आधार पर यह कार्रवाई की। दोनों आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया गया।

इससे पहले भी डीआरआई ने मुंबई एयरपोर्ट से 2 विदेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया था, जिनके पास से लगभग 8 किलो ड्रग्स बरामद की गई। इस ड्रग्स की कीमत इंटरनेशनल मार्केट में करीब 50 करोड़ आंकी गई थी। डीआरआई को एक खुफिया जानकारी मिली थी कि दो पैसेंजर ड्रग्स की तस्करी के लिए मुंबई आने वाले हैं, जिसके बाद डीआरआई ने योजना बनाकर कार्रवाई की थी।

दो पैकेट में सफेद पाउडर था जब उस पाउडर की जांच की गई तो वह हाई क्वालिटी का हीरोइन ड्रग्स था। डीआरआई ने दोनों ही आरोपियों को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया। जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। इस मामले की आगे की जांचजारी है। डीआरआई के अधिकारी इस बात की तफ्तीश में भी जुटे हुए हैं कि दोनों ड्रग तस्कर किस स्मगलिंग सिंडिकेट से जुड़े हुए थे। मिली जानकारी के मुताबिक दोनों आरोपियों ने पहले जांच एजेंसी को बरगलाने का पूरा प्रयास किया था, लेकिन जब उनके सामान की तलाशी ली गई, तब उनके पास चार चार- चार किलो के दो पैकेट मिले थे। बता दें कि इससे पहले 7 नवंबर को मुंबई एयरपोर्ट से ही सीबीआई ने एक विदेशी नागरिक को ड्रग्स के साथ गिरफ्तार किया था। ये आरोपी पोलैंड का नागरिक था। आरोपी के पास से करीब 6 किलो हेरोइन मिली थी, जिसकी इंटरनेशनल मार्केट में कीमत लगभग 18 करोड़ रुपये बताई गई थी। आरोपी को ड्रग्स की स्मगलिंग के आरोप में गिरफ्तार करके न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया था। आरोपी ने मादक पदार्थ को अंडरगारमेंट में छुपाकर रखा हुआ था।

# मुंबई में महिला से गैंगरेप


**प्राइवेट पार्ट्स को चाकू से काटा और सिगरेट से जलाया, वीडियो बना वायरल करने की धमकी दी**



**कुर्ला :** महाराष्ट्र के मुंबई से एक क्रूरताभरा और रूह कंपा देने वाला मामला सामने आया है। मुंबई में एक 42 साल की महिला के साथ तीन लोगों ने कथित तौर पर घर में घुसकर उसके साथ गैंगरेप किया। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक तीनों आरोपियों ने दरिंदगी की सारी हदों को पार कर दिया। आरोपियों ने महिला पर धारदार हथियार से वार किए। इतना ही नहीं उन्होंने महिला के प्राइवेट पार्ट्स को सिगरेट से भी दागा।

**हैवानियत की सारी हदें पार**

पुलिस अधिकारियों से मिली जानकारी के मुताबिक यह घटना बुधवार तड़के कुर्ला में हुई। पुलिस ने बताया कि आरोपियों ने एक-एक कर के महिला के साथ दुष्कर्म किया। उन्होंने बताया कि आरोपियों ने महिला के निजी अंगों को सिगरेट से दागा और उसकी छाती तथा दोनों हाथों पर धारदार हथियार से वार किया। पुलिस ने बताया कि आरोपी यहीं नहीं रुके, उनमें(आरोपी) से एक ने घटना का वीडियो बना लिया और पुलिस से कॉन्टेक्ट करने पर उसे वायरल करने की धमकी भी दी। कुर्ला थाने के अधिकारी ने कहा कि महिला ने पड़ोसियों को आपबीती सुनाई, जिसके बाद एक ठग्रह्ळ से संपर्क किया और एक ऋक्षफ दर्ज कराई गई। उन्होंने बताया कि तीनों पर भारतीय दंड संहिता(क्ढउ) की धारा 376 (बलात्कार), 376डी (सामूहिक बलात्कार), 377 (अप्राकृतिक यौनाचार), 324 (स्वेच्छा से खतरनाक हथियार से चोट पहुंचाना) और अन्य धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है तथा उन्हें पकड़ने की कोशिश की जा रही है।



## संपादकीय / लेख



फैसल शेख
(प्रधान संपादक)

# फिर भी उम्मीदें...!

जुलाई–सितंबर की दूसरी तिमाही में भले ही देश की जीडीपी दर 6.3 फीसदी रही हो, इसके बावजूद भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था बना हुआ है। हालांकि, विकास दर मौद्रिक नीति समिति के अनुमानों से मेल खाती है, लेकिन यह पिछले वर्ष इसी अवधि में सामने आई 8.4 की वृद्धि से कम है। कह सकते हैं कि पिछले वर्ष में वृद्धि उस समय दर्ज की गई जब अर्थव्यवस्था कोरोना संकट से तेजी से उबर रही थी। अब यह गति अपने मूल स्वरूप में लौट रही है। यद्यपि राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय यानी एनएसओ की हालिया घोषित विकास दर चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में आई 13.5 फीसदी दर से कम है मगर स्वीकार करना चाहिए कि अर्थव्यवस्था संकुचन के नकारात्मक प्रभावों के चपेट में आई है। जाहिर है महंगाई बढ़ने तथा वैश्विक विषम परिस्थितियों से मांग में गिरावट का असर दिखाई दिया है। लेकिन हमारी बड़ी चिंता विनिर्माण और खनन क्षेत्र में आई गिरावट होनी चाहिए। दरअसल, विनिर्माण के क्षेत्र में 4.3 फीसदी तथा खनन में 2.8 फीसदी का संकुचन देखा गया है। निस्संदेह विनिर्माण क्षेत्र में गिरावट नीति–नियंताओं की गंभीर चिंता का कारण होना चाहिए क्योंकि यह रोजगार सृजन का प्रमुख क्षेत्र भी है और देश की खपत को प्रभावित करता है। यही वजह है कि विनिर्माण क्षेत्र में संकुचन, उच्च मुद्रास्फीति और बढ़ते व्यापार घाटे ने देश की अर्थव्यवस्था के परिदृश्य में चिंता उत्पन्न की है। दरअसल, देश की औद्योगिक विकास दर पिछले छह साल से लगातार संकुचित होती रही है। इसको चीन के साथ लगातार बढ़ते व्यापार घाटे के संदर्भ में भी देखा जाना चाहिए क्योंकि हम घरेलू उत्पाद को प्राथमिकता देने के बजाय चीनी आयात पर निर्भर होते जा रहे हैं। इस साल के पहले नौ महीनों में चीन के साथ व्यापार घाटा 76 अरब डालर होना चिंता की बात है। सही मायनों में देश की औद्योगिक नीति की नये सिरे से समीक्षा की तत्काल जरूरत है। यह क्षेत्र रोजगार सृजन का बड़ा जरिया होने के कारण खासा महत्व रखता है।

सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि देश के सबसे भरोसेमंद कृषि क्षेत्र में 4.6 फीसदी की वृद्धि दर्ज की गई है। यह वृद्धि वैश्विक प्रतिकूलताओं के बावजूद हुई है, जिन्होंने पूरी दुनिया के विकास को धीमा कर दिया है। इसमें रूस–यूक्रेन युद्ध की भी बड़ी भूमिका है, जिसके चलते पेट्रो उत्पादों के दाम कुलांचे भरते रहे हैं। जहां यह क्षेत्र देश में खाद्यान्न की आपूर्ति सुनिश्चित करता है वहीं रोजगार का भी बड़ा जरिया भी है। कृषि क्षेत्र से जुड़े उद्योगों में पूंजी निवेश बढ़ाकर अर्थव्यवस्था को गति दी जा सकती है। हालांकि, देश के शीर्ष अर्थशास्त्री भरोसा दिला रहे हैं कि देश की अर्थव्यवस्था अपने सात फीसदी के लक्ष्य को सहजता से हासिल कर लेगी। उन्हें विश्वास है कि अगली दो तिमाहियों में अर्थव्यवस्था बेहतर परिणाम देगी। देश का केंद्रीय बैंक भी भरोसा जता रहा है कि चौथी तिमाही तक देश की अर्थव्यवस्था अपनी पुरानी लय में लौट आएगी। सरकार को महंगाई के स्तर पर नियंत्रण के लिये अतिरिक्त प्रयास करने की जरूरत है। रुपये के मूल्य में कमी तथा बढ़ी ब्याज दरें भी महंगाई रोकने के मार्ग में बाधक बनी हैं। इसके अलावा वैश्विक अर्थव्यवस्थाओं में मंदी के बावजूद भारतीयों की खपत बढ़ने से घरेलू बाजार में मांग बढ़ी है। इससे विदेशी निवेश में भी सुधार देखा जा रहा है। बहरहाल, उम्मीद की जानी चाहिए कि देश की अर्थव्यवस्था कोरोना के प्रभावों से मुक्त होकर यथाशीघ्र अपनी पुरानी लय में लौटेगी, जिससे रोजगार के अवसरों में वृद्धि से कोरोना काल में गरीबी की रेखा के नीचे जाने वाले लोगों के जीवन स्तर में सुधार का प्रयास किया जा सके। तब बाजार में मांग व आपूर्ति का संतुलन कायम हो सकेगा। लेकिन जरूरी है कि देश के औद्योगिक क्षेत्र में अनुकूल परिस्थितियों का निर्माण किया जाये ताकि निर्यात बढ़ाने की दिशा में भी पहल हो सके।

editor@rokthoklekhaninews.com
Faisal Shaikh @faisalshaikh_91

# प्रेग्नेंट युवती को पत्थर से कुचलकर मार डाला

## झाड़ियों में मिली लाश, शव के पास मिली डायरी से अब खुलेगा राज

**महाराष्ट्र :** महाराष्ट्र पुलिस युवती के कत्ल के मामले में छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले की खाक छान रही है। 29 नवंबर को युवती की लाश महाराष्ट्र के अहमदनगर में मिली थी। युवती ने जींस और कुर्ती पहन रखा था। युवती को पत्थर से कुचलकर मारा गया था। मामला अहमदनगर के कोतवाली थाना क्षेत्र का है। जब अहमदनगर पुलिस ने घटनास्थल की जांच की, तो वहां पर एक डायरी पड़ी हुई मिली। डायरी में कोरबा की CSEB चौकी बुधवारी का जिक्र है, साथ ही उसमें किसी पवन कुमार पटेल, पवन मिश्रा, ज्ञानेंद्र और रूबी बेन का नाम लिखा हुआ है। इसी डायरी के आधार पर अहमदनगर पुलिस कोरबा पहुंची हुई है। शॉर्ट पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट से पता चला है कि युवती 3 महीने की गर्भवती थी। उसकी उम्र 30 से 32 साल की है।





कोरबा पुलिस और महाराष्ट्र पुलिस की संयुक्त टीम डायरी में लिखे नाम वाले लोगों को ढूंढने की कोशिश कर रही है। उरएइ चौकी बुधवारी इलाके में लोगों से पूछताछ की जा रही है। पुलिस ये पता लगाने की कोशिश कर रही है कि क्या यहां कि कोई युवती अहमदनगर या महाराष्ट्र में रहती है या फिर जिन युवकों का जिक्र डायरी में है, वे यहां रहते हैं या इस नाम के कितने लोग एरिया में हैं। फिलहाल पुलिस इस अंधे कत्ल की गुत्थी को सुलझाने में लगी हुई है। अभी आरोपियों का कोई सुराग नहीं लग सका है।

अहमदनगर के कोतवाली थाने से सब इंस्पेक्टर मनोज कचरे अपनी टीम के साथ कोरबा में डेरा डाले हुए हैं। उन्होंने सीएसईबी पुलिस चौकी से मदद मांगी है। उप निरीक्षक मनोज कचरे ने बताया कि युवती अज्ञात है, जिसकी फोटो हमारे पास उपलब्ध है। हमने कोरबा में जगह-जगह इस फोटो को चस्पा किया है, ताकि कोई तो इसे देखकर इसकी शिनाख्त कर सके। युवती की शिनाख्त अगर हो गई, तो आरोपी भी पुलिस के शिकंजे से ज्यादा दिन दूर नहीं रह सकेंगे।

**प्रदेश में महिलाओं के खिलाफ अपराध के मामले लगातार आ रहे सामने**

मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले में 30 नवंबर से लापता 16 साल की नाबालिग की लाश धान के पैरावट से 2 दिसंबर को बरामद की गई थी। उसकी हत्या उसके प्रेमी ने ही गला घोंटकर की थी। आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। ASP पुपलेश पात्रे ने जानकारी दी थी कि 16 साल की लड़की 30 नवंबर को सुबह 4 बजे शौच का कहकर घर से निकली थी। इसके बाद वो घर वापस नहीं लौटी। परिजनों ने हर संभावित जगह पर उसे तलाश लिया, लेकिन उसका कोई पता नहीं चला। तब जाकर उन्होंने मोहला थाने में बेटी की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई। जांच के दौरान पुलिस को परिजनों और आसपास के लोगों से जानकारी मिली की नाबालिग लड़की का प्रेम संबंध पिछले 2 सालों से महेंद्र मंडावी (24 वर्ष) के साथ था। शक के आधार पर पुलिस ने आरोपी महेंद्र मंडावी को अपनी हिरासत में ले लिया और कड़ाई से पूछताछ की, जिसमें उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया। आरोपी की निशानदेही पर लड़की की लाश को भी पैरावट के ढेर से बरामद कर लिया गया।

# भाजपा एमएलसी ने शिवाजी महाराज के कोंकण में पैदा होने का दावा करके विवाद खड़ा किया



**मुंबई :** महाराष्ट्र में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के विधानपरिषद सदस्य (एमएलसी) प्रसाद लाड ने छत्रपति शिवाजी महाराज के कोंकण क्षेत्र में पैदा होने का दावा करके एक विवाद खड़ा कर दिया है। इस बीच शिवसेना (यूबीटी) के नेता संजय राउत ने पूछा कि क्या भाजपा ने ऐतिहासिक शोध के लिए एक नई परिषद का गठन किया है। राउत ने पत्रकारों से कहा कि यह एक ज्ञात तथ्य है कि छत्रपति शिवाजी महाराज का जन्म पुणे जिले (पश्चिमी महाराष्ट्र के) के शिवनेरी में हुआ था और उनकी मृत्यु राज्य के कोंकण क्षेत्र के रायगढ़ में हुई थी। अपनी टिप्पणियों को लेकर आलोचनाओं का सामना कर रहे लाड ने रविवार को अपने ट्विटर हैंडल पर पोस्ट किए गए एक वीडियो संदेश में कहा, ''अगर मैंने किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाई है तो मैं माफी मांगता हूं।'' उन्होंने ट्वीट किया कि कोंकण छत्रपति शिवाजी महाराज की ''कर्मभूमि'' थी। लाड ने कहा कि कोई यह नहीं भूल सकता कि कोंकण में 'स्वराज्य' के बीज बोए गए थे। उन्होंने कहा, ''मैंने अनजाने में कुछ और बोल दिया और मैंने तुरंत गलती सुधार ली थी।'' लाड ने वीडियो संदेश में इस मुद्दे का ''राजनीतिकरण'' करने के लिए राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) की भी आलोचना की।

# यवतमाल में पिकअप वैन की बस से जोरदार टक्कर, चार लोगों की हुई दर्दनाक मौत...!




**महाराष्ट्र :** महाराष्ट्र के यवतमाल जिले में रविवार को एक पिकअप वैन की राज्य परिवहन निगम की एक बस से टक्कर हो जाने से वैन में सवार चार लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। यवतमाल के पुलिस अधीक्षक पवन बनसोड ने बताया कि यह दुर्घटना नेर शहर से अमरावती जाने वाली सड़क पर सुबह करीब 10 बजकर 25 मिनट पर हुई। उन्होंने कहा कि यवतमाल से एक पिकअप वैन में सात सवारियां अमरावती की ओर जा रही थीं, जबकि बस विपरीत दिशा से आ रही थी। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि वैन में सवार दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य लोगों ने अस्पताल में दम तोड़ दिया। उन्होंने कहा कि बस चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर उसे हिरासत में ले लिया गया है।

# प्रसाद लाड ने छत्रपति शिवाजी महाराज को लेकर दिया विवादित बयान...!

**महाराष्ट्र :** महाराष्ट्र में सियासी घमासान थमने का नाम नहीं ले रहा हैं। एक तरफ महाराष्ट्र के राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी अपने बयानों के चलते चर्चा में हैं। इसी तरह बीजेपी के एक और नेता ने छत्रपति शिवाजी महाराज के जन्म को लेकर विवादित बयान दिया है। राज्यपाल द्वारा छत्रपति शिवाजी महाराज को लेकर दिए गए बयान से प्रदेश में पहले से ही बवाल मचा हुआ है। इसमें बीजेपी विधायक प्रसाद लाड ने कोंकण महोत्सव कार्यक्रम के दौरान बयान दिया कि छत्रपति शिवाजी महाराज का जन्म कोंकण में हुआ था। विधायक के इस बयान से प्रदेश में एक नया विवाद छिड़ गया है। स्वराज्यभूमि कोंकण महोत्सव का उद्घाटन करते हुए विधायक प्रसाद लाड ने यह बयान दिया है।

## बैग का वजन कम करने के लिए सरकार ने

# 'एक में दो किताबें' रणनीति बनाई

**महाराष्ट्रः** राज्य सरकार ने बार-बार स्कूल बस्ते का वजन कम करने की कोशिश की है, लेकिन मामला अनसुलझा ही रह गया है. इस बार, राज्य शिक्षा पाठ्यपुस्तकों में रिक्त पृष्ठों को शामिल करने पर विचार कर रही है, ताकि उन्हें अतिरिक्त नोटबुक न ले जाना पड़े। इस साल अगस्त में स्कूल शिक्षा मंत्री दीपक केसरकर ने इस योजना पर विचार किया था और अब अन्य हितधारकों के साथ चर्चा की जा रही है। ''पाठ्यपुस्तकों में रिक्त नोटबुक पृष्ठों को संलग्न करने का विचार है, जिसका उपयोग छात्रों द्वारा नोट्स लेने के लिए किया जा सकता है। अगर ऐसा होता है, तो उन्हें अलग-अलग नोटबुक साथ नहीं रखनी पड़ेगी। इसलिए, एक विषय के लिए दो किताबों के बजाय, छात्र सिर्फ एक



किताब लेकर चलेंगे, ''शिक्षा विभाग के एक अधिकारी ने कहा। 2018 में केंद्रीय मानव संसाधन विकास मंत्रालय ने स्कूल बैग के वजन को लेकर कुछ निर्देश जारी किए थे। निर्देश के मुताबिक, कक्षा एक और दूसरी के छात्रों को 1.5 किलो से अधिक वजन का बैग नहीं ले जाना चाहिए।

तीसरी से पांचवीं कक्षा के छात्रों के बैग का वजन तीन किलो से अधिक नहीं होना चाहिए। कक्षा श्क-श्क्क, कक्षा श्क्क्क-क, कक्षा के लिए वजन क्रमशः 4 किग्रा, 4.5 किग्रा और 5 किग्रा है। मंत्रालय ने राज्यों को यह भी निर्देश दिया था कि वे स्कूलों को पहली और दूसरी कक्षा के छात्रों को किसी तरह का होमवर्क नहीं देने का निर्देश दें। महाराष्ट्र स्कूल शिक्षा विभाग और शिक्षा बोर्ड ने बैकपैक्स के वजन को कम करने में मदद करने के लिए कई प्रयास किए हैं। पूर्व में भी इस मुद्दे पर चर्चा के लिए समितियों का गठन किया गया है, लेकिन स्थिति काफी हद तक अपरिवर्तित बनी हुई है। राज्य शिक्षा विभाग की योजना के बारे में बोलते हुए, अरुंधति चव्हाण। पेरेंट्स टीचर्स एसोसिएशन-यूनाइटेड फोरम के अध्यक्ष ने कहा, 'राज्य सरकार को पाठ्यपुस्तक ब्यूरो और महाराष्ट्र एससीईआरटी के साथ मिलकर एक नीति बनाने की जरूरत है। इसमें शिक्षाविदों और माता-पिता के निकायों को शामिल करने और उनके सुझावों और आपत्तियों को लेने की भी आवश्यकता है।

# महाराष्ट्र में जुड़वा बहनों से शादी रचाने वाले के खिलाफ केस दर्ज!

**मुंबईः** महाराष्ट्र के सोलापुर में दो जुड़वा बहनों से शादी करने वाले शख्स के खिलाफ केस दर्ज हो गया है। आरोपी अतुल अवताड़े के खिलाफ आईपीसी की धारा 494 (पत्नी/पति के जीवित रहते हुए दूसरा विवाह करना) के तहत एफआईआर दर्ज हुई है। शिकायत के अनुसार, इस शख्स ने 36 साल की दो जुड़वा बहनों से शादी की, जो आईटी पेशेवर हैं। एक अजीबोगरीब घटना के तहत महाराष्ट्र के सोलापुर जिले में एक कार्यक्रम में मुंबई की दो जुड़वा बहनों ने एक ही व्यक्ति से शादी की। दोनों बहनें आईटी पेशेवर हैं। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। सोलापुर जिले के मालशिरस तहसील में यह शादी हुई, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया है।




एक अधिकारी ने बताया कि एक शिकायत के आधार पर अकलुज थाने में दूल्हे के खिलाफ धारा 494 (पति या पत्नी के जीवित रहते फिर से शादी करना) के तहत असंज्ञेय अपराध का मामला दर्ज किया गया है। सोलापुर एसपी शिरीष सरदेशपांडे ने बताया, '2 दिसंबर को जुड़वा बहनों से एक साथ शादी करने में आरोप में अतुल अवताड़े के खिलाफ आईपीसी की धारा 494 के तहत गैर संज्ञेय अपराध का मामला दर्ज किया गया है। शादी अकलुज शहर में हुई थी।'

# महिला कॉन्स्टेबल को गलत तरीके से छूने के लिए शख्स को एक साल की जेल की सजा



**मुंबईः** चलती बस में एक महिला कांस्टेबल को अनुचित तरीके से छूने के लिए 50 वर्षीय व्यक्ति भीमराव गायकवाड़ को बल्लार्ड पियर मजिस्ट्रेट कोर्ट ने सजा सुनाई थी। सजा के हिस्से के रूप में, अदालत ने आरोपी को एक साल के लिए ''कठोर सजा'' देने का आदेश दिया और उसे मुआवजे के रूप में 1,000 रुपये देने को कहा। मुकदमे के दौरान अदालत ने कहा, ''आजकल महिलाओं के खिलाफ अपराध बढ़ रहे हैं। अपराध की प्रकृति और रिकॉर्ड में मौजूद सबूतों को देखते हुए, यह पता चला है कि पीड़िता आबकारी विभाग में कार्यरत एक महिला कांस्टेबल है।'' उन्होंने आगे कहा, ''चश्मदीदों के साक्ष्य से यह स्पष्ट है कि आरोपी ने चलती बस में पीड़िता की कमर के नीचे कूल्हे को छुआ है। अभियोजन पक्ष के गवाहों की विश्वसनीयता को हिला देने के लिए केवल इनकार पर्याप्त नहीं है।''

मजिस्ट्रेट बीवी बारावकर ने कहा कि मुकदमे के दौरान आरोपी गायकवाड़ ने शराब के नशे में होने के संबंध में कोई बचाव नहीं किया, बल्कि सजा सुनाए जाने के समय ही ऐसा किया। नतीजतन, अदालत ने तर्क को खारिज कर दिया।

घटना 9 दिसंबर, 2015 को शाम करीब 5.30 बजे हुई जब आरोपी और पीड़िता मुंबई की बेस्ट बस में सफर कर रहे थे। आरोपी कथित तौर पर पीड़िता के पीछे बैठा था। पीड़िता को दो सीटों के बीच की खाई से कमर के नीचे उसके कूल्हे को छूने वाला हाथ महसूस हुआ। जबकि पहली बार में वह असहज महसूस कर रही थी, उसने तुरंत दूसरी बार अपराधी का हाथ पकड़ा और मदद के लिए चिल्लाई। पीड़िता के चिल्लाने के बाद बस चालक ने पास के एक पुलिस स्टेशन में बस को रोक दिया और आगे की जांच के लिए एमआरए मार्ग पुलिस स्टेशन में

## नासिक में आवारा कुत्तों को खाना खिलाने को लेकर हुए विवाद में दो एफआईआर दर्ज




**महाराष्ट्र :** महाराष्ट्र के नासिक जिले के पंचवटी इलाके में गुरुवार को दो समूहों - एक तरफ एक बुजुर्ग महिला और उसकी बेटी, और दूसरी तरफ उनके पड़ोस के कई निवासी - के बीच विवाद के कारण पुलिस में दो शिकायतें दर्ज की गईं। जहां बुजुर्ग महिला ने शिकायत दर्ज कराई कि उसे और उसकी बेटी को पीटा गया, वहीं दूसरे समूह के एक व्यक्ति ने भी दोनों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। पंचवटी पुलिस ने आईपीसी की संबंधित धाराओं के तहत दंडनीय अपराधों के लिए दो एफआईआर दर्ज की हैं।

## एक किलो सोना, यूएई की करंसी...

# मुंबई एयरपोर्ट पर चकमा देकर ग्वालियर पहुंच गए यूपी के चार लोग

**मुंबई :** मुंबई से तस्करी कर ग्वालियर लाया जा रहा एक किलो से ज्यादा सोना एयरपोर्ट पर पकड़ा गया है। इस मामले में उत्तर प्रदेश के रामपुर के टांडा के रहने वाले चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इस बरामद सोने की कीमत लगभग साठ लाख रुपए बताई गई है। पुलिस पकड़े गए लोगों से पूछताछ कर रही है। दरअसल, डायरेक्टर रेवेन्यू इंटेलिजेंस केपी सिंह ने एसपी ग्वालियर अमित सांघी को सूचना दी थी। उन्होंने कहा था कि मुंबई से ग्वालियर आने वाली इंडिगो एयर बस की फ्लाइट में कुछ यात्री अवैध रूप से सोना तस्करी करके ला रहे हैं।

इस सूचना पर पुलिस टीम को मौके पर रवाना किया गया। एयरपोर्ट सुरक्षा में तैनात सीआईएसएफ के



असिस्टेंट कमांडेंट कौशलेंद्र सिंह कौल और कस्टम अधिकारी एसके आर्य के साथ समन्वय बनाते हुए चेकिंग शुरू की। मुंबई से आने वाली एयर बस के यात्रियों की चेकिंग शुरू हुई तो चार संदिग्ध दिखे। चारों को अलग कक्ष में ले जाया गया। वहां उनकी तलाशी हुई तो उनके पास से 4 लेड पेंसिल मिलीं, जिसे उन्होंने अपने कपड़े में छुपा कर रखी हुई थी। सोने का कुछ हिस्सा पेस्ट के रूप में पैकिंग करके इन लोगों ने अपने शरीर से चिपकाया हुआ था।


इनमें से सोने को निकालकर जब उसका वजन लिया गया तब वह एक किलोग्राम से ज्यादा निकला। इस सिलसिले में उत्तर प्रदेश के रामपुर के टांडा में रहने वाले चार लोगों को पकड़ा गया है। पकड़े गए लोगों में मोहम्मद अनीस, मंजूर आलम, अनवर अली और रिसालत अली शामिल है।

# मंत्री गुलाराव पाटिल ने दी चेतावनी, गड्ढे में गया मंत्री पद...

**मुंबई :** बीजेपी के नेता एक के बाद एक छत्रपति शिवाजी महाराज को लेकर विवादित बयान दे रहे हैं। राज्यपाल के बयान के बाद पूरे राज्य में रोष व्यक्त किया जा रहा है। अब उसी के आधार पर मंत्री गुलाबराव पाटिल ने कड़ा बयान दिया है। गुलाबराव पाटिल ने कहा कि छत्रपति शिवराय के मामले में किसी 'माय के लाल' को बोलने का अधिकार नहीं है। चाहे राज्यपाल हो या राष्ट्रपति। छत्रपति देवों के देव हैं। उनसे बड़ा कोई नहीं। उन्होंने कहा, 'मंत्री पद गड्ढे में चला जाए तो



भी चलेगा, लेकिन राज्यपाल को बख्शा नहीं जाएगा। जो कोई भी महाराज के बारे में गलत बोलता है, चाहे वह कोई भी हो या किसी भी पार्टी का हो... गलती की कोई माफी नहीं है।'' छत्रपति शिवाजी महाराज के जन्म स्थान को लेकर बीजेपी नेता प्रसाद लाड ने विवादित बयान दिया है। उन्होंने कहा कि शिवराय का जन्म कोंकण में हुआ था। इस विवादित बयान से एक बार फिर प्रदेश के सामाजिक और राजनीतिक माहौल में हड़कंप मच गया है।



## बीजेपी विधायक नितेश राणे ने अग्रीपाड़ा में उर्दू भवन के निर्माण का किया विरोध


**मुंबई :** अग्रीपाड़ा इलाके में उर्दू भवन के निर्माण का विरोध करने पर बीजेपी विधायक नितेश राणे ने अग्रीपाड़ा संघर्ष समिति को अपना समर्थन दिया है। नितेश राणे ने दावा किया कि पहले औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) के निर्माण के लिए भूमि आरक्षित थी, लेकिन महा विकास अघाड़ी सरकार ने 2017 के बीएमसी घोषणापत्र के वादे को पूरा करते हुए उर्दू भवन के निर्माण के लिए उसी भूखंड को आवंटित कर दिया। नितेश राणे ने कहा कि वह सरकार को अग्रीपाड़ा इलाके में उर्दू भवन नहीं बनाने देंगे।

## 7 साल की बच्ची से रेप के मामले में शख्स को 10 साल की सजा

**पालघर :** महाराष्ट्र में पालघर जिले की एक कोर्ट ने 7 साल की एक बच्ची से रेप करने के मामले में 47 साल के शख्स को 10 साल के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम के तहत दर्ज किये जाने वाले मामलों की सुनवाई कर रहे विशेष न्यायाधीश संजय कुमार वी खोंगल की कोर्ट ने शुक्रवार को पारित आदेश में दोषी पर कुल छह हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया।

# मुंबई में अवैध डांस बार में पुलिस ने मारा छापा!

## 23 लोग गिरफ्तार, 13 महिलाओं को छुड़ाया गया



**वर्ली :** मुंबई पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की हैं। शनिवार को मुंबई के वर्ली इलाके में एक अवैध ऑर्केस्ट्रा बार में मारे गए छापे के दौरान कम से कम 23 लोगों को गिरफ्तार किया गया। इस छापेमारी में 13 महिलाओं को भी फ्री कराया गया। इस खबर की जानकारी मुंबई पुलिस ने दी हैं। मुंबई पुलिस ने इस छापेमारी के साथ करीब 1.7 लाख रुपये नकद, लैपटॉप और दूसरा सामान जब्त किया हैं।

इस बारे में पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि पुलिस की सामाजिक सेवा शाखा ने शनिवार को मुंबई के एक अवैध बार में छापा मारा। अधिकारी ने आगे बताया कि बार से 13 महिलाओं को छुड़ाया गया हैं। वहीं, इस छापेमारी में करीब 1.7 लाख रुपये नकद, एक लैपटॉप और अन्य सामग्री जब्त की गई। बता दें कि पुलिस अधिकारी के मुताबिक, होटल, रेस्तरां और बार में अश्लील डांस पर निषेध और महिलाओं की गरिमा की रक्षा संबंधी महाराष्ट्र के कानून के तहत 26 लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। इसमें 23 लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

इससे पहले मुंबई पुलिस की समाज सेवा शाखा ने 19 नवंबर को मुंबई के बोरीवली में एक अवैध डांस बार पर छापा मारा और आठ लड़कियों को मुक्त कराया और एक दर्जन ग्राहकों सहित 20 लोगों को गिरफ्तार किया। सहायक पुलिस आयुक्त चंद्रकांत जाधव ने बताया कि एक गुप्त सूचना के आधार पर, एसएसबी के अधिकारियों और कस्तूरबा पुलिस स्टेशन के अधिकारियों ने बोरीवली पूर्वी उपनगर में होटल निशांत और ऑर्केस्ट्रा बार पर रात करीब 1 बजे छापा मारा।

एसीपी जाधव ने आगे बताया कि गिरफ्तार किए गए लोगों में 7 स्टाफ, एक आर्केस्ट्रा वादक और 12 कस्टमर और उनके खिलाफ महिलाओं की गरिमा की रक्षा सहित कानून की विभिन्न धाराएं शामिल हैं। उन्होंने कहा कि पुलिस ने लगभग 48 हजार रुपए नकद, एक लैपटॉप, मेमोरी कार्ड और अन्य संगीत उपकरण जब्त किए। राज्य में डांस बारों पर प्रतिबंध के बावजूद, कुछ विशेष रूप से मुंबई और ठाणे के सीमावर्ती क्षेत्रों में चोरी-छिपे चलते रहते हैं, लेकिन उनके खिलाफ नियमित छापेमारी की जाती है।

# सड़क पर दिखा हाई वोल्टेज ड्रामा...!

## मुंबई के जोगेश्वरी विक्रोली लिंक रोड पर मॉर्गन स्टेनली के वीपी ने एक मोबाइल चोर को दौड़ाकर पकड़ा



**मुंबई :** मुंबई के जोगेश्वरी विक्रोली लिंक रोड में पर उस समय एक फिल्मी नजारा देखा गया जब मॉर्गन स्टेनली समूह के उपाध्यक्ष (वीपी) ने अचानक ही उनका मोबाइल छीनकर भाग रहे एक चोर का पीछा करने के बाद उसे पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया। पवई पुलिस के अनुसार ये घटना बुधवार शाम को हुई। जब एक 41 वर्षीय वीपी ने मुंबई की सड़क पर एक मोबाइल फोन चोर का पीछा किया और उसे पकड़ लिया। घटना के समय मॉर्गन स्टेनली समूह के उपाध्यक्ष सुधांशु निवसरकर गोरेगांव के हब मॉल से एक ऑटो रिक्शा लेकर अपने घर जा रहे थे। खबर के मुताबिक जोगेश्वरी विक्रोली लिंक रोड पर एनएसजी बेस के पास ट्रैफिक जाम के बाद ऑटो को रोकना पड़ा. सुधांशु निवसरकर जाम हटने का इंतजार कर रहे थे. वे ऑटो-रिक्शा में बैठे हुए अपने बाएं हाथ में अपना सेल फोन पकड़े हुए थे. तभी एक मोबाइल चोर ऑटो के करीब आया और उनका फोन छीन लिया. वह तेजी से भागने लगा. इसके बाद निवसरकर फौरन ऑटो से कूद गए और चोर का पीछा करने लगे. कई मिनट पीछा करने के बाद मॉर्गन स्टेनली के वीपी ने चोर को पकड़ लिया और आरोपी से भिड़ गए. इसके बाद भी आरोपी ने फिर से भागने की कोशिश की. फिर भी निवसरकर ने लुटेरे को पकड़े रखा और उसी समय पीछा करने वाले राहगीर भी मदद के लिए दौड़ पड़े. उन्होंने चोर को जमकर पीटा. निवसरकर ने मुंबई पुलिस कंट्रोल रूम को फोन किया और मामले की जानकारी दी. पुलिस ने आरोपी को पुलिस हिरासत में ले लिया और उसके पास से निवसरकर का फोन बरामद किया.

# महाराष्ट्र को बांटने की बीजेपी की साजिश: नाना पटोले



**मुंबई :** गुजरात के बीजेपी के कुछ नेताओं के मन में महाराष्ट्र के प्रति हमेशा नफरत है। इसी वजह से अब महाराष्ट्र को बांटने की बात की जा रही है। बीजेपी सोलापुर, सांगली के कुछ गांवों को कर्नाटक से जोड़ने की साजिश रच रही है, ऐसा गंभीर आरोप कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष नाना पटोले ने लगाया। पुणे में पत्रकारों से नाना पटोले बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि बीजेपी की यह साजिश कांग्रेस कभी कामयाब नहीं होने देगी। कांग्रेस पार्टी महाराष्ट्र का बंटवारा कभी नहीं होने देगी।

### बीजेपी की पेशवाई को लाने की कोशिश

36वीं पुणे इंटरनेशनल नाइट मैराथन के विजयी प्रत्याशियों को नाना पटोले के हाथों सम्मानित किया गया। इस वक्त पत्रकारों ने राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी के विवादित बयान पर पुछे सवाल पर पटोले ने कहा की, राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी ने पहले महात्मा फुले और सावित्रीबाई फुले के बारे में भी विवादित बयान दिया था। उसके बाद छत्रपति शिवाजी महाराज को लेकर विवादित बयान दिया गया है। इन दोनों घटनाओं के बाद कांग्रेस पार्टी ने सार्वजनिक स्टैंड लेते हुए विरोध जताया और उनके खिलाफ कार्रवाई की मांग की। लेकिन बीजेपी नेतृत्व ने अभी तक इस पर कोई स्टैंड नहीं लिया है। लेकिन वहीं बीजेपी नेताओं के अब तक के बयान से लगता हे की उन्हें पेशवाई लानी है। उन्हें स्पष्ट रूप से बताना चाहिए कि वह पेशवाई के साथ रहना चाहते हैं या शिवशाही के साथ। कांग्रेस पार्टी हमेशा शिवशाही के साथ है, ऐसा भी पटोले ने कहा। बीजेपी को जनता माफ नहीं करेगी

पटोले ने आगे कहा कि बीजेपी लगातार छत्रपति शिवाजी महाराज का अपमान करने का काम कर रही है। यह राज्य की जनता का अपमान है। इसलिए प्रदेश की जनता बीजेपी को कभी माफ नहीं करेगी। छत्रपति शिवाजी महाराज के शब्दों में अभद्र और विचारहीन ईडी सरकार को कांग्रेस पार्टी लोकतांत्रिक तरिके से कडेलोट करेगी। जनता इसके लिए हमारे साथ है, ऐसा पटोले ने कहा। उसके साथ छत्रपति शिवाजी महाराज को लेकर थोड़ा सा भी स्वाभिमान है, तो आज मंत्री, खासदार और विधायक बन गए हैं, क्या वे कुर्सी छोड़ सकते हैं? लेकिन अगर आप छत्रपति शिवाजी महाराज का अपमान सहना चाहते हैं और कुर्सी नहीं छोड़ना चाहते हैं, तो हमें कुछ नहीं कहना है। हम जबरदस्ती नहीं करेंगे, ऐसा भी नाना पटोले ने कहा।

# धर्म परिवर्तन का विरोध करने पर युवक ने याद दिलाया श्रद्धा हत्याकांड, कहा- तुम्हारे 70 टुकड़े कर देंगे





**महाराष्ट्र :** महाराष्ट्र के धुले शहर के पश्चिम देवपुर थाने में लिव-इन में रहने वाली एक युवती ने अपने साथी के खिलाफ केस दर्ज कराया है. पुलिस के अनुसार आरोपी युवक अपनी पहचान छुपाकर पीड़िता को लम्बे समय से प्रताड़ित कर रहा था. जब आरोपी ने पीड़िता के साथ श्रद्धा हत्याकांड जैसी घटना करने की धमकी दे डाली तब पीड़िता ने पुलिस को इस बात की जानकारी दी.

24 वर्षीय पीड़िता ने पुलिस को बताया कि आरोपी अरशद सलीम मलिक उसके साथ लिव इन रिलेशनशिप में रह रहा था. जबकि आरोपी पहले से शादीशुदा है. उसने 4 अप्रैल, 2016 को पहली बार शादी की. ये बात उसने छिपाई. यहां तक कि आरोपी ने अपनी असली पहचान भी छिपाई.

### असली पहचान छिपा रखा था युवक ने

युवती का आरोप है कि वह उसे महाराष्ट्र के लालिंग ले गया. वहां युवती को आरोपी युवक के असली पहचान के बारे में पता चला. इस पर आरोपी ने युवती के साथ मारपीट की. वहीं उसने वीडियो बनाकर धमकी देनी शुरू कर दी. युवती का आरोप है कि इन सब के बाद अरशद उसे उस्मानाबाद के एक फ्लैट में ले गया. वहां आरोपी के पिता सलीम बशीर मलिक ने भी युवती को प्रताड़ित किया. इसके साथ ही अरशद ने युवती का धर्म परिवर्तन भी करा दिया.

पीड़िता ने बताया कि जब उसने धर्म परिवर्तन का विरोध किया, तब आरोपी युवक ने उसे दिल्ली की श्रद्धा हत्याकांड की याद दिलाई. इतना ही नहीं युवक ने पीड़िता को धमकी देते हुए कहा कि हम तुम्हारे 70 टुकड़े कर देंगे. पुलिस ने इस मामले में आरोपी युवक और उसके पिता को गिरफ्तार कर लिया है.

### क्या है श्रद्धा हत्याकांड!

मुंबई की श्रद्धा वालकर आफताब के साथ दिल्ली के महरौली में एक फ्लैट में लिव-इन में रह रही थी. आरोप है कि आफताब ने 18 मई को श्रद्धा की गला दबाकर हत्या कर दी थी. आफताब के मुताबिक, श्रद्धा उस पर शादी को लेकर दबाव डाल रही थी. आफताब ने इसके बाद श्रद्धा के शव के 35 टुकड़े किए और उन्हें महरौली के जंगलों में अलग अलग दिन फेंका. आफताब फिलहाल जेल में है.

मालिक, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक फैसल शेख ने सोमानी प्रिंटिंग प्रेस, गाला नं 3 - 4, अमीन इंडस्ट्रियल इस्टेट, सोनावला क्रॉस रोड नं 12, गोरगांव (पूर्व), मुंबई 63 से छपवाकर रूम नं 15 रमजान बिन 17 सी वंजावडी, माहिम वेस्ट मुंबई :4000 16 से प्रकाशित किया। संपर्क कार्यालय : 1-ए, ग्राउंड फ्लोर साहिल मेंशन, बालमिया लेन, माहिम वेस्ट मुंबई 400016 मोबाइल नं 9987 77 5650 व्हाट्सप्प नं 7977 40 8589 : Email - editor@rokthoklekhaninews.com